

दैनिक

राष्ट्रीय प्रस्तावना

गाँव से गवर्नेन्स तक

लखनऊ, रायबरेली, इलाहाबाद,आजमगढ़, झांसी, एटा,औरैया, अमेठी,बलरामपुर, फतेहपुर, बांदा, उन्नाव, लखीमपुर, मुरादाबाद, कन्नौज, बाराबंकी, सीतापुर,जौनपुर,उरई,जालौन, फिरोजाबाद,हरदोई, मथुरा,कानपुर,ललितपुर, गोण्डा, सहारनपुर,सिद्धार्थनगर,सन्तकबीरनगर, नोयडा सहित प्रदेश के समस्त क्षेत्रों में बहुप्रसारित

वर्ष : 7 अंक : 194 | लखनऊ, मंगलवार, 23 जनवरी, 2018 | पृष्ठ : 8 | मूल्य : 2.00

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा संपादित पुस्तक 'पर्यावरण के मुद्दे' में एस0एम0एस0 के दो- अध्याय सम्मलित

राष्ट्रीय प्रस्तावना

लखनऊ। वातावरण में प्रदूषण के बढ़ने व वैश्विक तापमान में वृद्धि से मुख्यतः पर्यावरण में असन्तुलन व जलवायु परिवर्तन पैदा हो रहा है । इसके कारण सम्पूर्ण विश्व में जनजीवन प्रभावित हो रहा है 7 अतः जनमानस को पर्यावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया जाना अति आवश्यक है । इसी क्रम में, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ने एक पुस्तक 'पर्यावरण के मुद्दे' को प्रकाशित की है, जिसमे स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज को दो अध्याय लिखने व सामिल होने का मौका मिला । यह पुस्तक तकनीकी शिक्षा के पाठ्यक्रम क्रम में भी लागू की जायेगी ।

स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के महानिदेशक, जो एक वरिष्ठ पर्यावरणविद है, इस पुस्तक को मुख्य कार्यकारी अधिकारी, श्री शरद सिंह को भेट करते हुए, पर्यावरण के गंभीर मुद्दों पर चर्चा कर रहे है 7 एस0 एम0 एस0, लखनऊ व प्रदेश का पहला संस्थान है जिसे शिक्षा विकास और अनुसंधान केंद्र (CEGR) मे अपने दो- अध्याय : अ) अक्षय और स्वच्छ ऊर्जा ब) सिविल सोसाइटी और पर्यावरण' को जोडने का मौका मिला ।